अर्द्ध0शा0 परिपत्र संख्याःडीजी- 3 /2014

रिजवान अहमद,
आई.पी.एस.

पुलिस महानिदेशक
उत्तर प्रदेश,
1-तिलक मार्ग, लखनऊ
दिनांकः जनवरी 9 , 2014

प्रिय महोदय,

कृपया पूर्व में निर्गत इस मुख्यालय के अ0शा0 परिपत्र संख्या-32/2013 दिनांकित-01.07.2013 एवं अ0शा0 परिपत्र संख्याःडीजी-75/2013 दिनांकित-31.12.2013 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश के जनपदों में क्राइम ब्रान्च का गठन कर चिन्हित अपराधों की विवेचनाऐं सम्पादित किये जाने विषयक है।

वर्तमान परिदृश्य में तमाम ऐसे अपराध हो रहे हैं जिनका सम्बन्ध एक जनपद से न होकर कई जनपदों से होता है, साथ ही इसमें सम्मिलित अपराधी भी अलग-अलग जनपदों के होते हैं। ऐसे मामलों में, विशेषकर हाईवे पर होने वाली लूट, गोवध हेतु की जा रही तस्करी, वाहन चोरी व वाहन लूट, अपराधिक जनजातियो द्वारा कारित अपराध मुख्य हैं। ऐसे अपराधों में जनपद स्तर से ऊपर उठकर अपराधिक अभिसूचनाओं का संकलन, विश्लेषण व परिणाम प्राप्त करने तथा जनपदों के बीच समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता महसूस होती है। किन्तु परिक्षेत्रीय स्तर पर ऐसी कोई यूनिट न होने से अर्न्तजनपदीय अपराध के अनावरण व अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने में समस्या आती है। ऐसी स्थिति में परिक्षेत्रीय स्तर पर एक सर्विलांस व अभिसूचना यूनिट स्थापित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए अर्न्तजनपदीय समन्वय, अपराधिक अभिसूचनाओं के संकलन व विश्लेषण, अपराधों की रोकथाम एवं घटित अर्न्तजनपदीय अपराधों के त्वरित अनावरण हेतु परिक्षेत्रीय कार्यालय में सर्विलांस व अभिसूचना यूनिट के गठन के आदेश दिये जाते है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने-अपने परिक्षेत्र में परिक्षेत्रीय सर्विलांस व अभिसूचना यूनिट के गठन हेतु 02 उपनिरीक्षक, 02 मुख्य आरक्षी, 04 आरक्षी का स्टाफ परिक्षेत्र स्तर पर नियुक्त कर अपराधों की रोकथाम करने, घटित विशेष प्रकार के अपराधों के त्वरित अनावरण तथा परिक्षेत्र के जनपदों में सामन्जस्य एवं समन्वय स्थापित करने हेतु लघु इकाई स्थापित कर प्रभावशाली कार्यवाही करायें।

भवदीय,
9/1/14

(रिजवान अहमद)

समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक(नाम से),
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-

1.अपरपुलिस महानिदेशक, रेलवे, उ0प्र0, लखनऊ।
2.अपर पुलिस महानिदेशक, सी0बी0सी0आई0डी0, उ0प्र0, लखनऊ।
3.अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, उ0प्र0, लखनऊ।
4.समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उ0प्र0।